वर्ष-15, अंक-290
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
परेशानिया आये तो सब्र से काम ले जल्दबाज़ी में अक्सर फ़ैसले ग़लत होते है।

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

### इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पकड़ा गया विदेशी

## फर्जी टिकट लेकर घुसा था, सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में लिया

**गया,** गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर चेकिंग के दौरान फर्जी टिकट के साथ विदेशी यात्री पकड़ा गया। पकड़ा गया विदेशी यात्री की पहचान थाइलैंड के रहने वाले 47 वर्षीय वीरा थेदसाबूत के रूप में हुई। यह पूरा मामला गुरुवार की है। मिली जानकारी गया एयरपोर्ट से थाइलैंड जाने वाले थाई एयरवेज के विमान से बैंकाक लौटने के




लिए गया एयरपोर्ट में प्रवेश करने बाद चेकिंग के दौरान थाइलैंड के वीरा थेदसाबूत नामक यात्री को फर्जी टिकट के साथ एयरपोर्ट अथॉरिटी ने पकड़ लिया। थाइलैंड के यात्री को पकड़े जाने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ने काफी देर तक पुछताछ किया। पुछताछ के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ने मगध मेडिकल थाने की पुलिस को सौंप दिया।

**टिकट के जांच के दौरान पकड़ लिया गया**

वहीं फर्जी टिकट के साथ पकड़े गए थाइलैंड के यात्री से थाने में भी पूछताछ कर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में बताया गया कि गुरुवार को करीब 11 बजे गया एयरपोर्ट पर थाई एयरवेज से जाने के लिए आरोपी विदेशी यात्री सीआइएसएफ के जवानों को फर्जी टिकट दिखा कर एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश कर गया। वहीं एयरपोर्ट के एक काउंटर पर टिकट के जांच के दौरान पकड़ लिया गया। आरोपी थाइलैंड के यात्री के साथ कई और लोग थे। लेकिन, उन सभी के पास सही टिकट था। उन लोगों को जाने दिया गया। वहीं आरोपी थाइलैंड के यात्री को अनाधिकृत रूप से फर्जी टिकट दिखा कर एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश करने के आरोप में पकड़ लिया गया। फिलहाल गया पुलिस आरोपी विदेशी यात्री पर एफआईआर दर्ज कर पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस फर्जी टिकट का सत्य सामने लाने के लिए जांच में जुट गई है।

### कैश गिनने के लिए लगानी पड़ गई मशीन

## निगरानी विभाग ने बेतिया के शिक्षा पदाधिकारी रजनीशकांत प्रवीण के आवास पर की छापेमारी

**बेतिया**, बिहार के बेतिया में निगरानी विभाग ने जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीशकांत प्रवीण के आवास पर छापेमारी की है, जहां से भारी मात्रा में कैश बरामद होने की सूचना है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उनके बेतिया-सरिसवा रोड स्थित किराए के मकान पर लगभग 1 करोड़ 87 लाख रुपए मिले हैं। छापेमारी में नोटों की इतनी गड्डियां मिली हैं कि नोट गिनने की मशीन भी मंगवाई गई है, ताकि कैश की सही गणना की जा सके। इसके साथ ही ष्ठश्वह्र के अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी जारी है।

**भारी संख्या में पुलिस बल तैनात**

निगरानी विभाग द्वारा यह छापेमारी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रेलवे ढाला के पास स्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी के आवास पर की जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारी के अवास के बाहर खड़ी उनकी स्कॉर्पियो के आसपास भी सुरक्षाकर्मी नजर आए। हालांकि, निगरानी विभाग ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि इस छापेमारी का कारण क्या है। विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और छापेमारी की कार्रवाई जारी है। स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की है।



छापेमारी की इस घटना के बाद इलाके में चर्चाओं का दौर जारी है। बता दें कि एक अधिकारी के घर से इतनी बड़ी मात्रा में कैश मिलना चौंकाने वाला है। पिछले कुछ सालों में अलग-अलग रायों से ऐसे धनकुबेर काफी बड़ी संख्या में पकड़े गए हैं जिनके घरों और अन्य ठिकानों से काफी यादा कैश की बरामदगी हुई है। बिहार में भी समय-समय पर कई सरकारी कर्मचारियों और अफसरों के घर से छापेमारी में बड़ी रकमों की बरामदगी होती रही है। बेतिया वाले मामले में सामने आए वीडियो में ष्ठश्वह्र के घर के बाहर से एक पुलिसकर्मी को कैश गिनने वाली मशीन ले जाते हुए देखा जा सकता है। अधिकारी के घर से कितना कैश बरामद हुआ, इसकी सही-सही रिपोर्ट नोटों की गिनती पूरी होने का बाद ही मिल पाएगी।

## शिक्षा विभाग ने तय किया ये रंग तय, जारी हुआ नया आदेश

### स्कूलों में अब होगी एक जैसी ड्रेस

**पटना**, बिहार के सभी सरकारी स्कूलों में बचों की स्कूल ड्रेस एक जैसी होगी। शिक्षा विभाग ने पहली से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं और 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं की पोशाक का रंग तय कर लिया है। इसको लेकर विभाग की ओर से दिशा-निर्देश जारी किया गया है। दरअसल, विभाग ने कहा है कि पहली से आठवीं के छात्र-छात्राओं तथा नौवीं से 12वीं की छात्राओं को पोशाक खरीद के लिए राशि दी जाती है।

वहीं, स्कूलों के निरीक्षण में यह देखने को मिला है कि राय के अलग-अलग जिलों के स्कूलों में छात्र-छात्राओं की पोशाक का रंग अलग-अलग है। इसका मुख्य कारण है कि पहले से पोशाक का कोई रंग निर्धारित नहीं था। इसको देखते हुए अब रंग तय किए गए हैं। इसके बाद अब सभी लोग एक ही तरह के ड्रेस में नजर आएंगे।

इसको लेकर शिक्षा विभाग ने कहा है कि पहली से आठवीं की लड़कियों की समीज-शर्ट आसमानी नीला तथा सलवार-स्कर्ट गहरा नीला होगा। दुपट्टा-हाफ जैकेट गहरा नीला होगा। इसी प्रकार पहली से आठवीं के लड़कों की शर्ट आसमानी नीला और पैंट गहरा निले रंग का होगा। विभाग ने कहा है कि शिक्षक-अभिभावक की अगली बैठक में अभिभावकों को इससे संबंधित जानकारी दी जाएगी।

इधर, उन्हें बताया जाएगा कि विद्यार्थियों को कितनी राशि दी जा रही है और यह किस प्रायोजन के लिए है।सभी अभिभावक लिखित मौखिक घोषणा करेंगे कि जिसके लिए राशि दी जा रही है, उसके लिए ही खर्च की जाएगी। मार्च में सभी छात्र-छात्राओं की पोशाक की तस्वीर खींच कर ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

### बिहार में सर्दी का सितम फिर करेगा बेहाल

## मौसम की आंख मिचौली के बीच *IMD* ने जारी किया अलर्ट

**पटना**, पश्चिमी विक्षोभ एक चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में उत्तर पश्चिम पाकिस्तान व मध्यप्रदेश के आसपास बना हुआ है। इनके प्रभाव से प्रदेश में सर्द पछुआ हवा का प्रवाह जारी है, वहीं सुबह के समय घना कोहरा भी देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के अधिसंख्य भागों में कोहरा छाए रहने के साथ बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

**48 घंटों में बढ़ेगा तापमान**

प्रदेश में 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में वृद्धि की संभावना है, जबकि दो दिनों बाद पछुआ के प्रवाह से न्यूनतम तापमान में कमी आने के साथ ठंड में वृद्धि की संभावना है। गुरुवार को मोतिहारी जिले में शीत दिवस जैसी स्थिति बनी रही।

गया में छाया रहा अति घना कोहरा

गुरुवार को गया में अति घना कोहरा छाया रहा। वहीं, नवादा, जमुई, बांका, भागलपुर जिले में घना कोहरा छाए रहा। पटना समेत अन्य जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे के कोहरे का प्रभाव बना रहा। पटना व आसपास इलाकों में हल्की धूप निकलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली।

**प्रमुख शहरों का तापमान शहर**

पटना- पटना का अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

गया- गया का अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

भागलपुर- भागलपुर का अधिकतम तापमान 20.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

मुजफ्फरपुर- मुजफ्फरपुर का अधिकतम तापमान 17.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

**23 जिलों के न्यूनतम तापमान में वृद्धि**

पटना समेत 17 जिलों के अधिकतम तापमान व 23 जिलों के न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। पटना का न्यूनतम तापमान में सामान्य से पांच डिग्री वृद्धि के साथ 14.7 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 9.0 डिग्री सेल्सियस के साथ मोतिहारी सबसे ठंडा रहा। जमुई, मुंगेर, समस्तीपुर, किशनगंज के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

प्रमुख शहरों के तापमान में वृद्धि

औरंगाबाद के न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई।

डेहरी के न्यूनतम तापमान में 3.2 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई।

सासाराम के न्यूनतम तापमान में 1.6 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई।

गया के न्यूनतम तापमान में 3.5 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई।

सुपौल व दरभंगा के न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई।

गोपालगंज के न्यूनतम तापमान में 0.8 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई।

मोतिहारी के न्यूनतम तापमान में 0.5 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई।

मुजफ्फरपुर के न्यूनतम तापमान में 0.2 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई।

नालंदा के न्यूनतम तापमान में 0.1 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई

### भारती भवन पब्लिकेशन के नाम पर नकली किताब छापने के कारोबार का हुआ भंडाफोड़

## गोदाम में भरा था करोड़ों का माल, पुलिस के पहुंचते ही मची भागमभाग!

**पटना**. पटना पुलिस की एक विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पटना सिटी के बहादुरपुर थानाक्षेत्र और आलमगंज थानाक्षेत्र के पांच स्थानों पर छापेमारी कर भारती भवन पब्लिकेशन के नाम पर नकली किताब छापने के कारोबार का भंडाफोड़ किया है. पुलिस टीम ने दोनों थानाक्षेत्र स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस दो बाइंडिंग सेंटर और दो गोदामो में छापेमारी कर करोड़ों रुपए मूल्य के भारती भवन प्रशासन की नकली किताबें बरामद किया है. पुलिस ने प्रिंटिंग प्रेस के उपकरणों को भी जप्त कर लिया है. हालांकि छापेमारी की भनक मिलते ही मुख्य संचालक मौके से फरार होने में सफल हो गया. बताया जाता है कि भारती भवन पब्लिकेशन की



लीगल टीम को यह गुप्त सूचना मिली कि बहादुरपुर थानाक्षेत्र और आलमगंज थानाक्षेत्र स्थित प्रिंटिंग प्रेस में भारती भवन पब्लिकेशन के नाम पर नकली किताबों की छपाई की जा रही है. सूचना मिलने के बाद लीगल टीम ने पूरे मामले से सिटी एसडीओ को अवगत कराया. मामला संज्ञान में आने के बाद सिटी एसडीओ के विशेष दिशा निर्देश पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया और टीम के सदस्यों ने छापेमारी कर नकली किताब छापने के कारोबार का भंडाफोड़ कर दिया. भारती भवन पब्लिकेशन के लीगल एडवाइजर यतींद्र भारद्वाज की माने तो बरामद किताबों की कीमत लगभग ढाई करोड़ के आसपास है, उन्होंने बताया कि चार जगहो से भारी मात्रा में भारती भवन पब्लिकेशन की नकली किताबें बरामद की गई है. वहीं एक जगह से एनसीईआरटी, बीटीबीसी और एस चांद पब्लिकेशन की किताबें भी बरामद की गई है. मौके पर मौजूद आलमगंज थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए जल्द ही मुख्य संचालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिए जाने का भरोसा दिलाया है. फिलहाल पुलिस मुख्य संचालक की पहचान और उसकी गिरफ्तारी को लेकर सघन छापेमारी अभियान में जुट गई है.

### पुलिस ने अनंत सिंह के एक समर्थक को पकड़ा

## मोकामा गोलीकांड के आरोपी सोनू सिंह ने किया सरेंडर

**पटना**, मोकामा गोलीकांड के बाद आरोप सोनू सिंह ने पुलिस दबिश पर सरेंडर कर दिया है। मोकामा गोलीकांड के बाद से पटना पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। सोनू के ऊपर मुंशी के साथ मारपीट करने, उसके घर पर ताला जड़कर और गोलीबारी का आरोप है। शुक्रवार सुबह सोनू ने पंचमहला थाने में जाकर सरेंडर कर दिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वहीं पटना पुलिस ने अनंत सिंह के



समर्थक रोशन सिंह को भी गिरफ्तार किया है।

दरअसल, बुधवार को पंचमहला थाने के नौरंगा गांव में पूर्व विधायक के समर्थकों और मुखिया कुमारी उर्मिला सिन्हा के बेटे व गैंगस्टर सोनू-मोनू के बीच कई राउंड फायरिंग हुई। इस दौरान अनंत सिंह घटनास्थल से चंद कदम दूरी पर ही मौजूद थे। घटना के बाद इलाके में हड़कंप है। पुलिस लगातार कैंप कर रही है। ग्रामीए एसपी विक्रम सिहाग का कहना है कि हालात नियंत्रण में हैं। मौके पर ही पिस्टल और कट्टा बरामद किए गए थे। इस मामले में कुल तीन प्राथमिकी दर्ज की गई है। लोगों से पूछताछ चल रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इधर, इस घटना के बाद पूर्व विधायक अनंत सिंह ने सोनू और मोनू पर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। कहा था कि दोनों ने इलाके में आतंक मचा रखा है। मैं केवल समझाने गया लेकिन दोनों गोलीबारी कर फरार हो गए। वहीं सोनू-मोनू की मां और वर्तमान मुखिया ने अनंत सिंह और उनके समर्थकों पर चुनावी रंजिश में गोलीबारी करने का आरोप लगाया है। सोनू ने कहा कि हमलोगों पर ऊपर लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद हैं। जब यह घटना हुई तब हमलोग (सोनू और मोनू) अपने घर पर मौजूद नहीं। हमलोग खेत पर पटवन कर रहे थे।